हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, बुधवार 27 मई 2026

11 एनएचएम निदेशक ने किया अस्पताल का निरीक्षण



12 विधायक ने जलनिकासी प्रोजेक्ट का लिया जायजा



**खबर संक्षेप**

### गैर-अधिकृत कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें

**झज्जर।** डीसी वर्षा खांगवाल ने बताया कि गांव बाढ़सा व देवरखाना में बिना लाइसेंस/सीएलयू/एनओसी प्राप्त किए अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने की सूचना प्रशासन के संज्ञान में आई है। उन्होंने बताया कि गांव बाढ़सा व देवरखाना में कुछ चिन्हित किला/खसरा नंबरों में अवैध निर्माण की सूचना प्राप्त हुई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नवीनतम राजस्व अभिलेख (जमाबंदी, इंतकाल आदि) उपलब्ध कराएं और साथ ही इन खसरा नंबरों में किसी भी प्रकार की बिक्री, एग्रीमेंट टू सेल, फुल पेमेंट एग्रीमेंट या पावर ऑफ अटॉर्नी का पंजीकरण या क्रियान्वयन न करें।

### कष्ट निवारण फोरम की बैठक 29 मई को

**झज्जर।** जिले के उपभोक्ताओं की बिजली एवं बिल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक आगामी 29 मई को सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक बिजली उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम झज्जर कार्यालय में संपन्न होगी। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता पंचकूला उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम के चेयरमैन द्वारा की जाएगी। इस दौरान उपभोक्ताओं की बिजली एवं बिल से संबंधित सभी शिकायतें मौके पर ही सुनी जाएंगी और यथासंभव समाधान किया जाएगा।

### बादली में मेगा नेत्र जांच शिविर आज

**झज्जर।** बाबा मोहनदास मंदिर बादली में बुधवार को बाबा गोपाल दास साहब तालिब ट्रस्ट और सेवा भारती के सहयोग से मेगा नेत्र जांच शिविर लगाया जाएगा। आयोजक समिति सदस्य हवा सिंह ने बताया कि शिविर में इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल के चिकित्सकों की टीम सुबह 10 बजे से मरीजों की आंखों की जांच करेगी। शिविर में आंखों की विभिन्न बीमारियों की जांच, मुफ्त दवाइयां और जरूरतमंदों को चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे। मोतियाबिंद के मरीजों के लिए बिना टांकों वाले लेंस प्रत्यारोपण सहित निशुल्क ऑपरेशन की सुविधा भी रहेगी।

### नांदेड़ साहिब से लौट रहे श्रद्धालु की मौत

**बहादुरगढ़।** नांदेड़ हजूर साहिब से दर्शन कर लौट रहे एक युवक की ट्रेन में तबीयत बिगड़ गई। यहां बहादुरगढ़ स्टेशन पर ट्रेन पहुंची तो उसे नागरिक अस्पताल में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि कर दी। मृतक की पहचान करीब 32 वर्षीय राम सिंह के रूप में हुई है। वह पंजाब के बठिंडा का रहने वाला था। हृदयाघात से मौत की आशंका है। मौत के कारणों की असल पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति सचेत नहीं नगर परिषद अधिकारी

# 6 साल बाद भी चालू नहीं हुआ 67 लाख रुपये में बना गैस आधारित शवदाह गृह

> मोक्ष समिति कई बार इस प्रोजेक्ट को चालू करने की कर चुकी है मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

सिटी पल्स



**बहादुरगढ़।** राम बाग श्मशान घाट में बनाया गया गैस आधारित शवदाह गृह।

शहर के राम बाग श्मशान घाट में गैस आधारित शवदाह गृह का निर्माण जून 2020 में चालू हो गया था। कुछ माह में ही यह बनकर तैयार तो हो गया, लेकिन बनने के 6 साल बाद भी यह आज तक चालू नहीं हो पाया है। महज ट्रायल की प्रक्रिया अपनाने के बाद ही 67 लाख रुपये के इस प्रोजेक्ट का भुगतान कर दिया गया था। लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करने में जुटी संस्था मोक्ष भी इसे चालू करवाने के लिए कई बार नगर परिषद अधिकारियों को ज्ञापन दे चुकी है, लेकिन नगर परिषद इस ओर ध्यान ही नहीं दे रही है।

गौरतलब है कि इस गैस आधारित शवदाह गृह को यदि चालू कर दिया जाता है तो इससे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है। पारंपरिक तरीके से शव दाह करने पर कई क्विंटल लकड़ियां जलाई जाती हैं, जिससे कई पेड़ों का नुकसान होता है। दरअसल, हरियाणा सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने प्रदेश के विभिन्न शहरों में सीएनजी, एलपीजी या फिर पीएनजी आधारित शवदाह गृह बनाने का निर्णय लिया था। बहादुरगढ़ के रामबाग श्मशान घाट में भी 67 लाख रुपये की लागत से गैस आधारित शवदाह गृह बनने के लिए 2019 में टेंडर जारी हुआ। तमाम औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जून-2020 में इसका निर्माण शुरू हुआ और चंद दिनों में यह तैयार हो गया, लेकिन करीब 6 साल बीत जाने के बावजूद यह ऑप्रेशनल नहीं हो पाया है।

### खराब मौसम में आती है संस्कार में दिक्कत

बता दें कि बहादुरगढ़ शहर में तीन श्मशान घाट हैं। एक पुराने बस स्टैंड के सामने, दूसरा नजफगढ़ रोड पर सेक्टर-10 में तथा तीसरा लाइनपार में रेलवे लाइन के साथ। लेकिन तीनों स्थानों पर लकड़ी से ही शवों का अंतिम संस्कार किया जाता है। भीषण गर्मी, बरसात या कड़ाके की ठंड में दाह-संस्कार के दौरान लोगों को दुश्वारियों को झेलना पड़ता है।

### नप शवदाह चैंबर को जल्द शुरू करे



मोक्ष समिति के प्रधान सुरेंद्र चुघ ने बताया कि समिति द्वारा लंबे समय से इलेक्ट्रिक अथवा गैस आधारित शवदाह गृह बनाए जाने की मांग की जा रही थी। कोरोना काल में प्रदेश सरकार ने करीब 67 लाख रुपये में इसका निर्माण भी करवाया, लेकिन 6 साल बाद भी गैस आधारित शवदाह चैंबर शुरू नहीं हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। नगर परिषद को कोताही छोड़कर इसे अविलंब चालू करवाना चाहिए।

### 18 किलो गैस में होती है अंत्येष्टि



रजनीश सेतिया के अनुसार गैस आधारित शवदाह गृह के चालू होने से एक साथ कई तरह के लाभ होते हैं। पारंपरिक तरीके से दाह-संस्कार करने पर जहां महंगी लकड़ी और अन्य मदों में चार से पांच हजार रुपये खर्च होते थे। वहीं इसमें 18 किलो गैस से ही शव की अंत्येष्टि होती है। बरसात के समय अंत्येष्टि में होने वाली दुश्वारियों से निजात मिल जाती है।

### वायु प्रदूषण से भी मिलेगी निजात



पूर्व पार्षद शशि कुमार के अनुसार लकड़ी की चिता पर दाह-संस्कार करने में कई घंटे का समय लग जाता है, जबकि गैस आधारित शवदाह गृह में डेढ़ घंटे में यह कार्य संपन्न हो जाएगा और अस्थियां भी मिल जाती है। इससे लोगों का समय भी बचता है और वायु प्रदूषण पर भी काफी हद तक अंकुश लग जाता है। लेकिन 6 साल से नगर परिषद की लापरवाही अनुचित है। जनहित में इसे अविलंब चालू करवाएं।

अस्पताल में कर्मचारी की मौत का मामला

# दलाल ने 31 मई को मांडोठी में बुलाई न्याय पंचायत



**बहादुरगढ़।** पत्रकारवार्ता के बाद ग्रामीणों के साथ रमेश दलाल।

- किसान नेता रमेश दलाल ने सीवर हादसे के बाद समझौते को लेकर लगाए गंभीर आरोप
- परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये, नौकरी, शिक्षा और मुफ्त इलाज की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

नूना माजरा स्थित महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल में हुए सीवर सफाई हादसे के बाद शुक्रवार को हुए समझौते से नाराज किसान नेता रमेश दलाल ने 31 मई को मांडोठी स्थित दलाल भवन में न्याय पंचायत बुलाने का ऐलान किया। उनके अनुसार हादसे के बाद पूरे मामले को दबाने, तथ्यों को छिपाने और पीड़ित परिवारों को न्याय से वंचित करने का प्रयास किया गया।

मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए रमेश दलाल ने सरकार से अस्पताल प्रबंधन सहित पुलिस-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 55, 59, 61, 104, 198, 201, 240 व 241 आदि धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी होनी चाहिए। उनके साथ मातन के सरपंच मोनू, डाबोदा खुर्द के सरपंच मंजीत मलिक, दुल्हेड़ा के सरपंच मोनू देशवाल, टांडाहेड़ी के सरपंच भगत दलाल, छारा की सरपंच के पति दीपक दलाल, खरमान के सरपंच प्रवीण मोरवाल, सराय औरंगाबाद के सरपंच राकेश राठी, नया गांव के सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद दलाल, जिला पार्षद राजीव मास्टर छारा, मेहंदीपुर डाबोदा के सरपंच पति संदीप, पूर्व सरपंच हरकेश सिलोठी, डाबोदा कलां के जयवीरेंद्र दलाल, रघुवीर मांडोठी, जगदीश जंगली व राज सिंह आसौदा आदि मौजूद रहे।

रमेश दलाल ने कहा कि मृतक कर्मचारी सुनील के परिवार और गंभीर रूप से उपचाराधीन कर्मचारी के परिवार को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। दोनों परिवारों को आजीवन वेतन के बराबर पेंशन, मुफ्त इलाज और बच्चों को एमबीबीएस तक निःशुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधन ने एक साजिश के तहत बिना किसी सुरक्षा उपकरण के कर्मचारियों को सीवर में उतारा, जबकि वे नियमित सफाई कर्मचारी भी नहीं थे। हादसे के दिन असली पीड़ितों की जगह अन्य कर्मचारियों को उपचाराधीन दिखाकर पूरे मामले को दबाने की साजिश रची गई।

औद्योगिक क्षेत्र में आग से मचा हड़कंप

# एक और केमिकल फैक्ट्री में आग, सामान जला

- फैक्ट्री में बनाया जाता है जिंक ऑक्साइड पाउडर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** फैक्ट्री के बाहर आग बुझाने के लिए आई दमकल गाड़ी।

भीषण गर्मी के इस मौसम में जगह-जगह आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। औद्योगिक इकाइयां भी इससे अछूती नहीं हैं। अब मंगलवार की दोपहर को आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक और केमिकल फैक्ट्री में आग लग गई। आग लगने से काफी नुकसान हो गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली निवासी ए. चड्ढा की यहां एमआईई पार्ट-बी में फैक्ट्री है। इसमें जिंक ऑक्साइड पाउडर बनाया जाता है। आग लगते ही कर्मचारी इधर-उधर हुए और दमकल विभाग को सूचित किया। सूचना पाकर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कुछ ही देर में आग पर नियंत्रण पा लिया। आग के कारण काफी माल जल गया। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। नुकसान का सही आकलन मालिक के बयान और जांच के बाद हो सकेगा। बता दें कि औद्योगिक क्षेत्र की फैक्ट्रियों में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। पिछले दिनों ही यहां बॉयलर फटने के बाद आग लगी। जिसमें पूरी बिल्डिंग ध्वस्त हो गई। इसमें एक श्रमिक की मौत तो पांच घायल हुए। इससे पहले एक फैक्ट्री और तीन वाहनों में भी आग लगी थी।

# गाड़ी में आए और नाले से जाल उतारकर ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

इलाके में चोरी के मामले नहीं थम रहे। अब दो और जगहों पर वारदात हो गई। गांव बालोर में नालों पर लगे लोहे के जालों पर हाथ साफ कर दिया तो यहां आंबेडकर स्टेडियम के पास से गाड़ी चुरा ली गई।

पुलिस को दी शिकायत में गांव बालोर के सरपंच राजेश कुमार का कहना है कि गांव की गलियों में नालों पर लोहे के जाल लगाए गए हैं। गली नंबर-4 पर लगे जाल सोमवार रात को चोरी हो गए। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज चेक की। फुटेज में टाटा एस गाड़ी में सवार होकर आए तीन शातिर जालों को ले जाते नजर आए हैं। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास करेगी।

वहीं दूसरी तरफ बहादुरगढ़ में डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम के पास से एक और गाड़ी चोरी हो गई। वाहन मालिक विजय की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश कर रही है।

# 10 लाख के जेवर चोरी में आरोपी पकड़ा

- पुलिस ने रिमांड के दौरान आरोपी अजय से आभूषण बरामद करवाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने करीब 10 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बुपनिया के निवासी अजय के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया, जिसके दौरान चोरी किए गए आभूषण बरामद किए गए। आरोपी पर आधा दर्जन से अधिक आपराधिक केस दर्ज हैं।

एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी जितेंद्र कुमार की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। दरअसल, शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया था कि वह टाटा एस वाहन चलाता है। गत 19 मई को वह घर पर ताला लगाकर काम पर गया था। शाम को लौटने पर घर के अंदर वाले दरवाजे का ताला टूटा मिला और अलमारियों से सोने-चांदी के आभूषण चोरी पाए गए। पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। तकनीकी जांच, सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचना के आधार पर टीम आरोपी अजय तक पहुंची। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली। रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर सोने की अंगूठियां, सोने की चेन, टीका, चांदी की पायल, सिक्के समेत अन्य कीमती सामान बरामद किया गया। बरामद आभूषणों की कीमत करीब 10 लाख रुपये आंकी गई है। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के खिलाफ पहले से चोरी, लूटपाट, छीना-झपटी और अवैध हथियार रखने सहित आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। डीसीपी क्राइम शुभम सिंह ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए कहा कि तकनीकी जांच और टीमवर्क के चलते मामले का जल्द खुलासा हो सका।

# 44 डिग्री तापमान पर तप रहा शहर, बाजारों में रहा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर/बहादुरगढ़



**झज्जर।** धूप के कारण दोपहर के समय सड़क पर पसरा सन्नाटा।

नौतपा में मंगलवार सुबह से ही सूर्य देव के तेवर तल्ख दिखाई दिए। दिनभर चिलचिलाती धूप के कारण लोगों का जीना मुहाल रहा। स्थिति यह रही कि दोपहर के समय बाजारों व मुख्य सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। मंगलवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में तापमान में और अधिक बढ़ोतरी होने का अनुमान लगा रहे हैं। उधर, बढ़ती गर्मी के कारण लोग मौसम जनित बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। वायरल बुखार, उल्टी, दस्त जैसी बीमारियों के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। जिसके अलावा नागरिक अस्पताल के अलावा निजी अस्पतालों में भी ओपीडी बढ़ी है। चिकित्सक लोगों को धूप के समय घर से बाहर न निकलने और संतुलित आहार की सलाह दे रहे हैं।

### जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

डीसी वर्षा खांगवाल ने कहा कि प्रतिदिन बढ़ रही गर्मी और हीटवेव को देखते हुए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है तथा आमजन की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गर्मी के मौसम में सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने जिलेवासियों से भीषण गर्मी और लू के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि वे प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और अनावश्यक रूप से दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचें।

उच्चतर शिक्षा विभाग के फैसले से छात्राओं को मिली राहत

# गर्ल्स कॉलेज में लाइफ साइंस की सीटें 20 से बढ़ाकर की 60



डॉ. अलका गुलाटी

> लाइफ साइंस में 20 सीटों पर आ चुके थे 23 आवेदन, सीटें बढ़ाने की अपील की थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

राजकीय महिला कॉलेज में नए शैक्षणिक सत्र के लिए दाखिला प्रक्रिया के बीच छात्राओं के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। उच्चतर शिक्षा विभाग ने बीएससी लाइफ साइंस की सीटों में बड़ा इजाफा करते हुए संख्या 20 से बढ़ाकर 60 कर दी है। सीटें बढ़ने से अब विज्ञान वर्ग की अधिक छात्राओं को दाखिले का मौका मिल सकेगा।

प्रिंसिपल डॉ. अलका गुलाटी के अनुसार पहले बीएससी लाइफ साइंस में केवल 20 सीटें थीं, जबकि आवेदन संख्या पहले ही सीटों से अधिक पहुंच चुकी थी। विद्यार्थियों और अभिभावकों की मांग को देखते हुए उच्चतर शिक्षा विभाग से सीटें बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। जिसे स्वीकार कर लिया गया है। उनका मानना है कि मेडिकल, पैरामेडिकल और रिसर्च क्षेत्र में बढ़ते अवसरों के कारण छात्राओं का रुझान लाइफ साइंस की ओर तेजी से बढ़ रहा है। कॉलेज के नोडल अफसर मेहर सिंह ने बताया कि वर्तमान में कॉलेज में बीए की 280 सीटों पर 103 आवेदन, बीकॉम की 120 सीटों पर 23 आवेदन, बीएससी लाइफ साइंस की 20 सीटों पर 23 आवेदन तथा बीएससी फिजिकल साइंस की 80 सीटों पर 13 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

# जयवीर अखाड़े के हवलदार मोहित ने एशियन चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़



वियतनाम में चल रही एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में जिले के पहलवानों का दमदार प्रदर्शन जारी है। अब जयवीर अखाड़े के पहलवान मोहित उर्फ मिरिंडा ने 65 किलोग्राम भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता है। उसकी जीत पर परिजनों और कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई है। फ्री स्टाइल 65 किलोग्राम भारवर्ग के पहले राउंड में मोहित का मुकाबला मंगोलिया के पहलवान से हुआ। इस मुकाबले में मोहित पूरी तरह हावी रहा और 12-2 के अंतर से जीत दर्ज की। दूसरे राउंड में कजाकिस्तान के पहलवान को 16-6 के अंतर से शिकस्त दी। सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के पहलवान से भिड़ंत हुई, जिसे 14-4 के अंतर से परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में किर्गिस्तान के पहलवान से आमना सामना हुआ। इस मुकाबले को 12-4 के अंतर से जीतकर मोहित ने गोल्ड मेडल हासिल करते हुए देश का परचम लहरा दिया। कोच जयवीर अपने शिष्य के प्रदर्शन पर गदगद हैं। उन्होंने कहा कि मोहित बेहद होनहार है। अखाड़े में लौटने पर उसका अभिनंदन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोहित झज्जर जिले के रुड़ियावा गांव से है। सेना में हवलदार है और पिछले कई वर्षों से बुपनिया स्थित जयवीर अखाड़े में अभ्यास करता है। वर्ल्ड चैंपियनशिप और एशियन चैंपियनशिप सहित कई अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मेडल जीत चुका है। उसका सपना ओलंपिक में देश के लिए मेडल जीतना है।

# स्तन कैंसर की समय पर होगी पहचान डिजिटल मैमोग्राफी यूनिट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर



**झज्जर।** डिजिटल मैमोग्राफी यूनिट का शुभारंभ करते हुए सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान।

स्थानीय नागरिक अस्पताल में महिलाओं में स्तन कैंसर की समय पर पहचान और बेहतर उपचार के उद्देश्य से अत्याधुनिक डिजिटल मैमोग्राफी यूनिट शुरू की गई है। सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान ने डिजिटल मैमोग्राफी यूनिट का शुभारंभ करते हुए बताया कि यह सुविधा नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट के समन्वय से कैंसर स्क्रीनिंग ओपीडी में शुरू की गई है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं तक अधिकतम कैंसर स्क्रीनिंग सेवाएं पहुंचाना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। स्तन कैंसर की समय पर पहचान जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और यह यूनिट जिले की महिलाओं को आधुनिक व सुलभ जांच सुविधा उपलब्ध कराएगी। अब महिलाओं को जांच के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वहीं, डॉक्टर जितेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि यह पहल कैंसर सेवाओं के विकेंद्रीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर बेहतर जांच सुविधा मिलेगी। जेपी सिंह ने कहा कि सामाजिक सहभागिता से आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाया जा सकता है।



# पाकिस्तानी क्रिकेटर का किरदार निभाएंगे फरहान

**मुंबई।** फरहान अख्तर इन दिनों रणवीर सिंह के साथ 'डॉन 3' विवाद को लेकर चर्चाओं में हैं। इसी बीच उनके काम से जुड़ी भी एक खबर आ रही है। फरहान जल्द ही क्रिकेटर लाला अमरनाथ पर बन रही फिल्म में कैमियो रोल कर सकते हैं। वह फिल्म में एक पाकिस्तानी क्रिकेटर की भूमिका में दिखाई दे सकते हैं। इसमें उनका किरदार लाला अमरनाथ के बेहद नजदीक है और भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। हालांकि, अभी मेकर्स ने और फरहान ने इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया। बता दें वह इस प्रोजेक्ट से निर्माता के तौर पर भी जुड़े हुए हैं। क्रिकेटर लाला अमरनाथ पर बन रही इस बायोपिक को कई निर्माता मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं।

लाइफ Style

# पूजा
## इकोज ऑफ अस को लेकर हैं सुर्खियों में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूजा बत्रा की बतौर निर्माता फिल्म 'इकोज ऑफ अस'को कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में प्रदर्शित किया गया, जिसे लेकर अभिनेत्री ने खुशी जाहिर की। पूजा ने सोशल मीडिया पर रेड कार्पेट से अपनी ग्लैमरस तस्वीरें साझा करते हुए इस उपलब्धि को यादगार बताया।

एक्ट्रेस पूजा बत्रा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म इकोज ऑफ अस को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म इकोज ऑफ अस एक इमोशनल ड्रामा है, जो प्रेम, बिछड़ने के दर्द और मानवीय रिश्तों की जटिल भावनाओं को दर्शाती है। इस फिल्म में यूलिया वंतूर ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की है। उनके साथ दीपक तिजोरी और स्पेनिश अभिनेत्री एलेसांद्रा व्हेलन मेरेडिज भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म का निर्देशन जो राजन ने किया है, जबकि इसे पूजा बत्रा ने अपने लॉस एंजिल्स स्थित प्रोडक्शन हाउस 'ग्लोबेलिंक'के तहत एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से प्रोड्यूस किया है। महज 20 मिनट लंबी इस शॉर्ट फिल्म ने दुनियाभर के कई फिल्म समारोहों में जबरदस्त सराहना हासिल की है। पूजा बत्रा ने इंस्टाग्राम पर कान्स फिल्म फेस्टिवल से अपनी कई ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में वह रेड कार्पेट पर बेहद खूबसूरत अंदाज में नजर आईं। पोस्ट के साथ अभिनेत्री ने फिल्म और अपनी टीम के लिए एक भावुक नोट भी लिखा। उन्होंने मजाकिया अंदाज में लिखा, कान्स यानी के-ए-एन, क्योंकि हम कर सकते हैं। फिल्म अब तक 80 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है।



हॉलीवुड मसाला



# जीता आर्टिस्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप बैंड बीटीएस के फैंस दुनियाभर में हैं। इस बार अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स 2026 में इस बैंड ने लगभग तीन अवॉर्ड अपने नाम किए। पहला पुरस्कार उन्होंने 'आर्टिस्ट ऑफ द ईयर' का जीता। इसके बाद बैंड ने 'स्विम' के लिए सॉन्ग ऑफ द समर और बेस्ट मेल के-पॉप आर्टिस्ट का खिताब भी अपने नाम किए। इसके पहले बीटीएस ने 2021 में यह पुरस्कार अपने नाम किया था। अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स में सिंगर सबरीना कारपेंटर के एल्बम 'मैन्स बेस्ट फ्रेंड' को एल्बम ऑफ द ईयर और बेस्ट पॉप एल्बम का अवॉर्ड दिया गया।



# ब्रैड तलाक के बाद के हालात के कारण नहीं कर रहे शादी!

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार ब्रैड पिट एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर यह खबर जंगल में आग की तरह फैल रही है कि एंजेलिना जोली से तलाक के बाद वह दोबारा शादी करने वाले हैं। ब्रैड पिट इन दिनों खुद से 29 साल छोटी इनेस डी रेमोन को डेट कर रहे हैं। दोनों करीब 4 साल से एक-दूसरे के साथ हैं। हालांकि, शादी की खबरों को एक हालिया रिपोर्ट ने फर्जी बताया है। रिपोर्ट में एक करीबी सूत्र ने कहा है, 'ब्रैड और इनेस की जोड़ी आपस में 'बहुत खुश' है। ऑस्कर जीत चुके एक्टर 'अपनी शांत स्वभाव वाली गर्लफ्रेंड से मिलने वाले सुकून और सहारे का आनंद ले रहे हैं। हालांकि, उनका शादी को लेकर अभी कोई प्लान नहीं है। इसकी एक वजह एंजेलिना जोली से उनके अलगाव के बाद के हालात हैं। वैसे, ब्रैड पिट की तरह ही इनेस भी तलाकशुदा हैं। ब्रैड पिट की उम्र 62 साल है।



# शकीरा के डांस की दीवानी हुईं अमीषा

**मुंबई।** अभिनेत्री अमीषा पटेल इन दिनों सोशल मीडिया पर दो बातों को लेकर काफी चर्चा में हैं। पहली वजह है पॉप स्टार शकीरा की तारीफ करना और दूसरी वजह है बॉलीवुड के नए कलाकारों पर गुस्सा निकालना। मशहूर सिंगर शकीरा ने फीफा विश्व कप 2026 के ऑफिशियल गाने 'दाई दाई' से धमाकेदार वापसी की है। इस गाने में उनके साथ नाइजीरियाई सिंगर बर्ना बॉय भी हैं। गाने के एक वीडियो में शकीरा पीले रंग के कपड़ों में शानदार डांस करती नजर आ रही हैं, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए अमीषा पटेल ने लिखा, 'वाह शकीरा, आप 49 साल की उम्र में भी कमाल हैं। आपका डांस, ड्रेस और लुक 25 साल की उम्र से भी ज्यादा हॉट और खूबसूरत है।'



# है जवानी तो इश्क होना है... का गाना रिलीज

**मुंबई।** 'है जवानी तो इश्क होना है' के मेकर्स ने मंगलवार को वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े पर फिल्माया गया गाना 'चुनरी चुनरी' रिलीज किया। जहां डांस स्टेप्स, नएपन और गाने की वाइब ने लोगों का ध्यान खींचा, वहीं कुछ लोगों को पुराने वर्जन और सलमान खान-सुष्मिता सेन की याद आ गई। यह गाना सलमान खान और सुष्मिता सेन पर फिल्माए गए 'चुनरी' गाने का रीमेक है। ऐसा लगता है कि नेटिजन्स को यह गाना ज़्यादा पसंद नहीं आया। एक ने लिखा- सलमान और सुष्मिता की एनर्जी का कोई मुकाबला नहीं। एक यूजर ने कहा- सलमान कोने में रो रहे होंगे। एक कमेंट में लिखा था- इससे घटिया क्या ही होगा। हाल ही में एक इवेंट में, मस्ती भरे माहौल में कैमरों के सामने पोज देते हुए, सलमान खान ने वरुण धवन का मजाक उड़ाया था।

टीवी मसाला



# रमाकांत की मौजूदगी हर सीन को कर देती थी रोशन

**नई दिल्ली।** टीवी और बॉलीवुड फिल्मों में नजर आने वाले दिग्गज अभिनेता रमाकांत दायमा का 26 मई को निधन हो गया। इस खबर को सुनकर उनके करीबी और फैंस गहरे शोक में डूब गए हैं। टीवी अभिनेता करण मेहरा ने भी रमाकांत दायमा के निधन पर शोक जताया है। उनके लिए एक भावुक पोस्ट सोशल मीडिया पर लिखी है। टीवी अभिनेता करण मेहरा ने एक भावुक पोस्ट इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए लिखा, 'आज हमने एक अद्भुत शख्सियत को खो दिया है। एक ऐसा इंसान जिनकी आवाज बुलंद थी, उनकी मौजूदगी हर सीन को रोशन कर देती थी। वह सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता और प्रतिभाशाली गायक ही नहीं थे, बल्कि एक मार्गदर्शक, एक पिता-तुल्य हस्ती और न जाने कितने लोगों के दोस्त भी थे। उनकी दयालुता, उनकी कला और उनकी गर्मजोशी हम सभी के दिलों में हमेशा जिंदा रहेगी। उनका प्यार और उनका जुनून हमेशा हमारे दिलों में गूंजता रहेगा। ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे।' अभिनेता रमाकांत दायमा के निधन पर सिने एंड टीवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन ने भी शोक व्यक्त किया। सोशल मीडिया पर एक शोक संदेश साझा करते हुए एसोसिएशन ने लिखा, 'गहरे दुख के साथ हम श्री रमाकांत दायमा के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं, वे एक सम्मानित पूर्व कार्यकारी समिति सदस्य और हमारी इंडस्ट्री का एक खास हिस्सा थे।' वर्षों के अभिनय करियर में रमाकांत दायमा ने कई फिल्मों, टेलीविजन सीरियल और थिएटर प्ले में काम किया। शाहरुख खान अभिनीत चक दे इंडिया के अलावा वह धनक जैसी फिल्मों में नजर आए। रमाकांत दायमा के मौत की पुष्टि उनकी साथी एक्ट्रेस शुभांगी लटकर ने सोशल मीडिया पर की है।


## मेरे कारण-अर्जुन आ गए : दिव्यांका

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल ये है मोहब्बतें में ईशी मां का रोल से प्रसिद्ध हुईं दिव्यांका त्रिपाठी शादी के 10 साल बाद मां बन गई हैं। उनकी खुशी डबल हो गई है, क्योंकि उन्होंने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया है। दिव्यांका और उनके पति विवेक ने इस खुशखबरी को सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ शेयर किया है। दिव्यांका जुड़वां बच्चों की मां बन गई हैं। 26 मई को दिव्यांका और विवेक ने इंस्टाग्राम पर दो जुड़वां बेटों की तस्वीर वाला पोस्टर शेयर करके खुशखबरी दी। पोस्टर पर लिखा, 'हमने खुशी मांगी थी, भगवान ने कहा, 'दोगुनी खुशी लो।'जुड़वा बेटों का आशीर्वाद मिला है।' दिव्यांका और विवेक ने आगे लिखा, 'इंतजार आखिरकार खत्म हुआ, हमारे बेटे आ गए हैं और जिंदगी हमारी कल्पना से कहीं ज्यादा खूबसूरत लग रही है। मेरे करण अर्जुन आ गए।'



# पिता की पुण्यतिथि पर भावुक हुए संजय, साझा कीं पुरानी तस्वीरें

मुंबई। अभिनेता संजय दत्त अपने जीवन के उतार-चढ़ाव के बाद अपने परिवार के बेहद करीब रहे हैं। हाल ही में अपने दिवंगत पिता और दिग्गज अभिनेता सुनील दत्त की 21वीं पुण्यतिथि पर संजय ने उनसे जुड़ी यादें ताजा कीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने परिवार की कुछ पुरानी तस्वीरें साझा करते हुए पिता को याद किया। संजय दत्त अपने पिता के काफी करीब रहे हैं। एक्टर के हर बुरे वक्त में सुनील दत्त उनके साथ मजबूती से खड़े रहे थे। पिता की पुण्यतिथि के मौके पर संजय ने कुछ पुरानी पारिवारिक तस्वीरें साझा कीं। इसमें से एक में जहां वो बचपन में अपने पिता की गोद में बैठे नजर आए। वहीं, एक अन्य तस्वीर में वो बहनों प्रिया-नम्रता दत्त और पिता के साथ खड़े हैं। ये ब्लैक एंड वाइट फोटोज संजय के जवानी के दिनों की याद दिलाती हैं। संजय दत्त ने इन तस्वीरों के साथ एक भावुक कैप्शन लिखा। एक्टर ने लिखा, 'पापा, मैं आपको हमेशा याद करता रहूंगा और आपसे बहुत प्यार करता हूं। आप मेरे जीवन में हमेशा



से एक मजबूत स्तंभ रहे हैं। आपके जैसा पिता पाकर मैं खुद को खुशनसीब महसूस करता हूं।' बता दें, अभिनेता सुनील दत्त का निधन 25 मई 2005 में 75 वर्ष की उम्र में हुआ था। उन्हें नींद में ही दिल का दौरा पड़ा था। उनकी पत्नी यानी संजय की मां नरगिस कई साल पहले ही दुनिया को अलविदा कह चुकी थीं। सुनील दत्त का हिंदी सिनेमा में एक अलग मुकाम रहा है। उन्होंने बॉलीवुड को 'एक ही रास्ता' और 'मदर इंडिया' जैसी सफल फिल्में दी हैं। इसके अलावा 'सुजाता', 'गुमराह', 'हमराज', 'पड़ोसन' और 'हीरा' जैसी फिल्मों में उनकी एक्टिंग के लिए आज भी दर्शक उन्हें याद करते हैं। एक सफल करियर के बाद सुनील आखिरी बार बेटे संजय दत्त के साथ ही पर्दे पर दिखाई दिए थे। उन्होंने 2003 में रिलीज हुई संजय दत्त की फिल्म 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' में उनके पिता का किरदार निभाया था।

# कांतारा विवाद के बाद रणवीर ने किए चामुंडेश्वरी देवी मंदिर के दर्शन

**मुंबई।** धुरंधर स्टार रणवीर सिंह मंगलवार को मैसूर के चामुंडेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे। उन्होंने यह कदम धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप लगने के बाद उठाया है। रणवीर सिंह ने यह कदम कांतारा फिल्म में दैव की विवादास्पद मिमिक्री के संबंध में कर्नाटक हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए उठाया। रणवीर सिंह ने मंदिर का दौरा 'कांतारा' मिमिक्री मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट के एक निर्देश के बाद किया है। अप्रैल में रणवीर सिंह ने इस मामले में अदालत में एक हलफनामा जमा किया था और बिना शर्त माफी मांगी थी। इसके बाद अदालत ने उन्हें चार हफ्तों के भीतर चामुंडेश्वरी मंदिर में पूजा करने का आदेश दिया। रणवीर सिंह ने अदालत के आदेश का पालन किया और देवी चामुंडेश्वरी की पूजा की। उनके इस दौरे को काफी हद तक गुप्त रखा गया था। एक्टर को मंगलवार सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह तक पहुंचने तक मास्क पहना हुआ था। बाद में, वे पूजा करने के लिए गर्भगृह में प्रवेश कर गए। यह मामला 30 नवंबर, 2025 को गोवा में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया की एक घटना से जुड़ा है। इस समारोह के दौरान, रणवीर सिंह ने 'कांतारा' के उस 'दैव' दृश्य की नकल की थी, जिसमें फिल्म के निर्देशक और अभिनेता



ऋषभ शेट्टी नजर आए थे। रणवीर सिंह का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद कन्नड़ भाषी समुदाय के एक वर्ग की ओर से उन्हें कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। बाद में, रणवीर सिंह ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इस आलोचना का जवाब दिया और अपनी इस हरकत के लिए माफी मांगी। उन्होंने लिखा, 'मेरा मकसद फिल्म में ऋषभ के अभिनय को उजागर करना था।

## 95 साल पहले ऐसे हुई पहले गाने की शूटिंग

# ट्रेन के रुकने का इंतजार, रात को शूटिंग, पेड़ों के पीछे दिया संगीत

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में जितना प्यार फिल्मों को मिला है, उतना ही प्यार उन फिल्मों के संगीत से भी किया गया है। अब तो मानो हर फिल्म की रूह उसके संगीत को ही माना जाता है। फिल्मों में अगर संगीत ना हो तो मानो वह फिल्में अधूरी सी लगती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारतीय सिनेमा का पहला गाना कौन सा था? इस गाने की कहानी क्या थी?*



### साल 1931 में आया था पहला गाना

अक्सर लोगों के मन में सवाल आता है कि जिन गानों पर असल में हम झूमते हैं और डांस करते हैं आखिर उन्हीं गानों की सिनेमा में कहानी क्या है? फिल्मों का पहला गाना क्या था, तो इसका जवाब है कि सिनेमा का पहला गाना साल 1931 में आया था। जी हां, भारतीय सिनेमा का पहला गाना है, 'दे दे खुदा के नाम पर प्यारे, ताकत हो गर देने की...'। यह गाना साल 1931 में रिलीज हुई भारत की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' का है। इसी गाने को सिनेमा का पहला गाना कहा जाता है।

### कैमरे के सामने गाया था लाइव गाना

कुछ आर्काइव रिपोर्ट्स के मुताबिक, उस दौर में बड़े वाद्य यंत्र या फिर कोई खास उपकरण नहीं होते थे। ऐसे में डब्ल्यू. एम. खान ने कैमरे के सामने इस गाने को लाइव गाया था और उनके साथ बजने वाले वाद्य यंत्रों को भी उसी वक्त लाइव बजाया गया था। गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान हारमोनियम और एक तबला बजाया गया था। कहा जाता है कि, संगीतकार फिरोजशाह मिस्त्री हारमोनियम और तबला लेकर कैमरे के पीछे, स्टूडियो के एक कोने में छिपकर बैठ गए थे, ताकि वह फ्रेम में न आएं, और उनकी आवाज सीधे माइक्रोफोन में रिकॉर्ड हो सके।

### सिंगर नहीं, एक्टर ने गाया था गाना

इस गाने को किसी पेशेवर सिंगर ने अपनी आवाज नहीं दी थी। उस दौर में 'प्लेबैक सिंगिंग' की तकनीक तब उतनी प्रचलित नहीं थी। इस गाने को फिल्म आलम आरा के ही एक अभिनेता डब्ल्यू. एम. खान (वजीर मोहम्मद खान ने गाया था। फिल्म में उन्होंने एक फकीर का किरदार निभाया था और यह गाना उसी फकीर पर फिल्माया गया था, जिसमें उन्होंने ही इसे आवाज दी और उन्होंने ही इस पर एक्ट भी किया था।

### कोई रिकॉर्ड अब नहीं बचा

इन बीते वर्षों में भारत की पहली बोलती फिल्म का कोई रिकॉर्ड अब नहीं बचा है। आलम आरा फिल्म के प्रिंट्स और इसके गानों के ओरिजिनल साउंड ट्रैक अब खो चुके हैं। महज कुछ ही तस्वीरें और रिकॉर्ड्स बाकी हैं, जिन्हें संजोकर रखा गया है।

### ज्योति स्टूडियो में की गई थी शूटिंग

जब ये गाना रिकॉर्ड हुआ तो उस दौरान काफी कुछ नया हुआ था। दरअसल 'आलम आरा' फिल्म और इसके गानों की शूटिंग मुंबई के 'ज्योति स्टूडियो' में की गई थी। परेशानी की बात तो यह थी कि ये स्टूडियो रेलवे ट्रैक के पास ही मौजूद था, ऐसे में दिनभर यहां पर ट्रेनों की आवाजाही रहती थी। जब गाने की शूटिंग होती थी तो उस वक्त ट्रेनों का शोर नहीं होता था। उस दौर में सिंगल साउंड सिस्टम से ही रिकॉर्डिंग की जाती थी। ऐसे में हल्का सा भी शोर इसके लिए परेशानी बन जाता, तो जब ट्रेनें रुक जाती थीं तभी गाने की रिकॉर्डिंग की जाती थी। इसलिए गाने और फिल्म की शूटिंग रात के 1 बजे से सुबह 4 बजे के बीच की जाती थी।

## खबर संक्षेप

### अवैध कॉलोनियों पर अंकुश लगाने की मांग

**बहादुरगढ़।** पूर्व पार्षद जसबीर सैनी नवनियुक्त जिला उपायुक्त वर्षा खंगवाल से मुलाकात कर अवैध कॉलोनी काटने वाले भू-माफियाओं पर अंकुश लगाने की मांग की। उन्होंने बताया कि वे कई बार सीएम के समक्ष अवैध कॉलोनियों का मुद्दा उठा चुके हैं। उन पर सख्ती से शिकंजा कसा जाना चाहिए। डिसी ने आश्वस्त किया कि किसी भी हाल में कोई गलत कार्य नहीं होने देंगे। उनके साथ पुनीत प्रधान, जोगेंद्र टेलर, हरीश, सुभाष, नीरज व जयभारत आदि ने डीसी को पदभार संभालने की बधाई दी।

### एमडीयूः इंजीनियरिंग व एजुकेशन परीक्षाएं 3 से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की जून 2026 में होने वाली इंजीनियरिंग एवं एजुकेशन कोर्सेज की थ्योरी परीक्षाएं 3 जून से शुरू होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि बीटेक द्वितीय सेमेस्टर (जी स्कीम केवल री-अपीयर तथा एच स्कीम रेगुलर), एमएड/एमएड स्पेशल तृतीय सेमेस्टर (केवल री-अपीयर) तथा एमएड चतुर्थ सेमेस्टर (रेगुलर एवं री-अपीयर) की परीक्षाएं 3 जून से आरंभ होंगी। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की जून 2026 में होने वाली इंजीनियरिंग एवं एजुकेशन कोर्सेज की थ्योरी परीक्षाएं 3 जून से शुरू होंगी।

### यूजी, लॉ और डिप्लोमा परीक्षाओं की डेटशीट बदली

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने मई 2026 की यूजी, लॉ और डिप्लोमा प्रोग्राम परीक्षाओं की डेटशीट में संशोधन किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार कुछ पेपरों के क्लैश होने तथा कुछ विषय मुख्य डेटशीट में शामिल न होने के कारण परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि बीए (ऑनर्स) द्वितीय सेमेस्टर, यूजी (एनईपी) चार वर्षीय/पीजी पांच वर्षीय द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर तथा एलएलएम चतुर्थ सेमेस्टर के कुछ पेपर पुनर्निर्धारित किए गए हैं। वहीं बीएससी (ऑनर्स) पांचवें सेमेस्टर और यूजी (एनईपी) चार वर्षीय/पीजी पांच वर्षीय चतुर्थ सेमेस्टर के कुछ छूटे पेपर अब नई डेटशीट में शामिल किए गए हैं। इसके अलावा कुछ डिप्लोमा प्रोग्राम्स की डेटशीट वापस ले ली गई है। विद्यार्थी संशोधित डेटशीट समेत विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।
महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने मई 2026 की यूजी, लॉ और डिप्लोमा प्रोग्राम परीक्षाओं की डेटशीट में संशोधन किया है।

## एनएचएम निदेशक ने किया नागरिक अस्पताल का निरीक्षण

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्तः कादियान

स्वास्थ्य सेवाओं के साथ सफाई पर रहा विशेष फोकस, इमरजेंसी वार्ड में मरीजों से की बात

- महिला एवं प्रसूति विभाग भी देखा
- दवा वितरण कक्ष में परखी व्यवस्था



झज्जर। निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए निदेशक डॉक्टर जितेंद्र कादियान। फोटो : हरिभूमि

**खास बातें**

- अस्पतालों में समय पर दवाइयां, जांच सुविधाएं और मरीजों के साथ मानवीय व्यवहार बनाए रखने के निर्देश भी दिए
- सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान ने जिले में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी दी
- निरीक्षण के बाद एनएचएम निदेशक ने अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक लेते हुए उनके साथ स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग पंचकूला से एनएचएम निदेशक डॉक्टर जितेंद्र कादियान ने मंगलवार को जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। स्थानीय नागरिक अस्पताल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई व्यवस्था, मरीजों को मिल रही सुविधाओं तथा विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कुछ छोटी कमियां दूर करने व कुछ व्यवस्थाओं में सुधार करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आमजन को बेहतर उपचार उपलब्ध करवाना विभाग की प्राथमिकता है। अस्पतालों में समय पर दवाइयां, जांच सुविधाएं और मरीजों के साथ मानवीय व्यवहार बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान ने जिले में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी दी। एमरजेंसी वार्ड में पहुंच कर की मरीजों से बात कर जाना हाल-चाल। निदेशक डॉक्टर जितेंद्र कादियान ने अस्पताल की ओपीडी, महिला एवं प्रसूति विभाग, बाल शल्य चिकित्सा, सामान्य वार्ड, स्पेशल कैंसर वार्ड के साथ-साथ दवा वितरण कक्ष व एमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया। एमरजेंसी वार्ड में निरीक्षण के दौरान जहां उन्होंने मरीजों से बात कर उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली वहीं दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण करते हुए उसमें सुधार संबंधी दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले उन्होंने डीघल व जहाजगढ़ स्थित स्वास्थ्य संस्थान का भी दौरा किया। निरीक्षण उपरांत उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक लेते हुए उनके साथ स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा भी की।





झज्जर। निरीक्षण के दौरान जानकारी प्राप्त करते निदेशक डॉक्टर जितेंद्र कादियान। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे उपस्थित**

इस दौरान अस्पताल के एमएस डॉक्टर गुरजीत सिद्धू, उप सिविल सर्जन डॉक्टर सुनीता तंवर, डॉक्टर शैलेंद्र डोगरा, डॉक्टर बसंत दुबे, डॉक्टर आकृति हुड्डा, उप अधीक्षक डॉक्टर सुरेंद्र दहिया, डॉक्टर यशपाल मोनिया, डॉक्टर अजय सिंगला, नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर मीनू, आरएमओ डॉक्टर अचल, डॉक्टर विकास, डॉक्टर राशि, डॉक्टर राहुल जाखड़, जिला किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संदीप जांगड़ा, मेट्रन कृष्णा, आईसीएन अंजू चाहार, डाटा एंट्री ऑपरेटर सुमन सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव बताते डॉक्टर अशोक वर्मा। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों को दिलाई नशा मुक्त समाज निर्माण की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झज्जर एट गुढ़ा में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झज्जर एट गुढ़ा के प्राचार्य जीतपाल तथा महिला आईटीआई की इंचार्ज सत्यवती व दोनों संस्थानों के वर्ग अनुदेशकों, अनुदेशकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉक्टर अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा भावी पीढ़ियों के लिए अभिशाप है तथा यह मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। नशा व्यक्ति के जीवन में शौक बनकर आता है और अंत में उसका जीवन शोक में परिवर्तित कर देता है। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी या बिक्री से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर एनसीबी नेशनल हेल्पलाइन 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल ncbmanas.gov.in अथवा हरियाणा एनसीबी हेल्पलाइन 90508-91508 पर सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों और स्टॉफ सदस्यों को नशा मुक्त समाज निर्माण की शपथ भी दिलाई गई।

## डीएसआर तकनीक से होगी पानी और लागत की बचत : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



डीसी वर्षा खांगवाल ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा खरीफ 2026 सीजन में धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) को बढ़ावा देने के लिए किसानों को 45 सौ रुपये प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। धान की सीधी बिजाई प्रदर्शन योजना के तहत इच्छुक किसान मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर 15 जून तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा इस बार खरीफ सीजन में राज्यभर में 600 डीएसआर मशीनें अनुदान पर उपलब्ध करवाई जाएंगी। इन मशीनों पर कीमत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 40 हजार रुपये तक का अनुदान दिया जाएगा।

## नाले की गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

- निर्माण अधूरा होने बच्चों के गिरने का बना रहता है डर
- गांव के लोगों ने नाले की गुणवत्ता की जांच की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव रोहद में नाले का अधूरा निर्माण लोगों के लिए परेशानी का सबब बना है। ग्रामीणों ने नाले की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए हैं। मामले की जांच करने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से दोनों तरफ नाला बनाने का कार्य पूरा करने की मांग भी की है।

जितेंद्र, धर्मवीर, सुरेश, पवन आदि ग्रामीणों का कहना है कि टोल प्लाजा से श्याम बाबा मंदिर वाले रास्ते तक यह नाला बनाया जा रहा है। करीब दो महीने पहले काम शुरू हुआ था। बीच-बीच में काम रुक जाता है। फिलहाल काम अधूरा है और निर्माण की गुणवत्ता भी ठीक नहीं है। काम पूरा होने से पहले ही लीक होने लगा है और कुछ जगहों पर तो रोड़ियां तथा सरिये तक दिखाई दे रहे हैं। मार्ग पर दोनों तरफ नाला बनाया जाना है लेकिन अभी तक एक ही तरफ का पूरा नहीं हुआ है। इस वजह से आवागमन प्रभावित है। जिन घरों के बाहर से नाला गुजर रहा है, वे अधिक परेशान हैं। बच्चों के गिरने का डर बना रहता है। यदि यह नाला समय रहते गुणवत्ता के साथ बन जाता है तो निकासी की समस्या से काफी राहत मिलेगी। प्रशासनिक अधिकारी इस ओर ध्यान दें। नाले की गुणवत्ता की जांच करें। गुणवत्ता के साथ जल्द काम पूरा कराया जाए।



बहादुरगढ़। रोहद में बनाया जा रहा नाला। फोटो : हरिभूमि

### होटल मालिक पर कांच की बोतलों से हमला

**रोहतक।** गांव हसनगढ़ स्थित एक होटल पर खाना मांगने आए दो युवकों ने होटल मालिक पर कांच की बोतलों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में होटल मालिक घायल हो गया, जबकि आरोपी मौके से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव भादी जिला सोनीपत निवासी पवन पुत्र रामभज ने बताया कि उसने गांव हसनगढ़ में होटल कर रखा है। 25 मई की रात करीब 1:30 बजे वह अपने होटल पर मौजूद था। इसी दौरान दो युवक हाथों में कांच की बोतलें लेकर वहां पहुंचे और खाने का सामान मांगने लगे। पवन के अनुसार जब उसने उन्हें सामान देने से मना कर दिया।

## एसडीएम ने सब लिंक ड्रेन व नालों की सफाई से जुड़े कार्यों का किया निरीक्षण

- जल निकासी व्यवस्था और नालों की सफाई का कार्य मानसून से पहले हर हाल में पूर्ण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। सब लिंक ड्रेन का अधिकारियों के साथ निरीक्षण करतीं एसडीएम रेणुका नांदल। फोटा : हरिभूमि

आगामी मानसून सीजन के मद्देनजर बाढ़ नियंत्रण उपायों को लेकर एसडीएम रेणुका नांदल ने मंगलवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ सब लिंक ड्रेन, माईनर व नालों की सफाई और जल निकासी कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने जेएलएन नहर के साथ लगती सब लिंक ड्रेन, धौड़-दुजाना लिंक ड्रेन, बाघपुर लिंक ड्रेन व नालों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी बरसात सीजन के दौरान कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ नियंत्रण व बरसाती पानी निकासी से जुड़ी सभी आवश्यक परियोजनाएं, जल निकासी व्यवस्था और नालों की सफाई का कार्य मानसून से पहले हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ नियंत्रण संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## भाजपा नेता पंकज जैन ने नवनियुक्त डीसी वर्षा खांगवाल का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- जनहित से जुड़े कार्यों को अधिक गति मिलेगी

वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पंकज जैन ने नवनियुक्त जिला उपायुक्त वर्षा खांगवाल से मुलाकात कर नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिले में विकास कार्यों, जनसुविधाओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। डॉ पंकज जैन ने उम्मीद जताई कि डीसी वर्षा खांगवाल के नेतृत्व में झज्जर जिला विकास और सुशासन के मामले में नए आयाम स्थापित करेगा। जनहित से जुड़े कार्यों को अधिक गति मिलेगी।



बहादुरगढ़। डीसी वर्षा खांगवाल को गुलदस्ता भेंट करते डॉ पंकज जैन।

## जिले में लिंगानुपात सुधार के लिए निकालीं रैलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

लिंगानुपात सुधार एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। मंगलवार को पीएचसी तुम्बाहेड़ी और सब सेंटर छारा सहित विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों पर जनसभाएं व रैलियों का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों, आशा वर्करों और ग्रामीणों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, लिंग जांच कराना अपराध है और बेटियां हैं अनमोल जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान ने कहा कि बेटियां समाज की शान हैं और लिंग जांच व भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथाएं सामाजिक व कानूनी अपराध हैं। उन्होंने घटते लिंगानुपात पर चिंता जताते हुए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई। पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉक्टर संदीप दलाल ने बताया कि अवैध लिंग जांच की पुख्ता सूचना देने वाले को एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा और सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।




झज्जर। रैली निकाल कर लोगों को जागरुक करतीं आशा वर्कर्स व अन्य स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

**सूचना**

हम, गीता देवी पत्नी श्री नरेंद्र कुमार व नरेंद्र कुमार पुत्र श्री धर्मवीर राठी निवासी मकान नंबर-6/216, जौहरी नगर, लाइनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करते हैं कि हमारा पुत्र दिपांशु राठी व पुत्रवधु कोमल हमारे कहने सुनने से बाहर हैं और हम उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। दीपांशु राठी व उसकी पत्नी कोमल अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। हमारा व हमारे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**NOTICE**

I, Sajjan Kumari W/o JC-132728W Ex-Sub Late Mehtab Singh, R/o VPO Madana Kalan, Teh. Beri Distt. Jhajjar (Hr.) – 124102 declare that I want to correct my name & DOB from Sujjan Kumari, DOB -28. 04.1949 to Sajjan Kumari, DOB- 01. 01.1941 in service records of my husband and all future purposes.

आम सूचना

**न्यायालय सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, साल्हावास, जिला झज्जर**

विशाखा इन्डस्ट्रीज लि० सिकन्दराबाद, वर्तमान पता गांव झांसवा सब तहसील साल्हावास जिला झज्जर बजरिये अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता ...फरीक अव्वल/प्रार्थी

बनाम

1. जोगेंद्र पुत्र सहजराम, 2. बाला पत्नी जोगेन्द पुत्र सहजराम 3. राजेन्द्र पुत्र सुभाचन्द सभी निवासीयान गांव झांसवा, सब-तहसील साल्हावास जिला झज्जर ...फरीक दोयम

फरीक दोयम/प्रार्थीगण सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि प्रार्थी ने एक दरखास्त बाबत तकसीम खेवट नं० 104//73/2 खतौनी नं० 110 मु० नं० 13 किला नं० 8(8-0) कुल रकबा 8 कनाल 0 मरला वाका मौजा झांसवा सब-तहसील साल्हावास जिला झज्जर के मुस्तरका तौर पर मालिक काबिज हैं और तकसीम का केस दायर किया है जिसमें फरीक दोयम नं० 3 राजेन्द्र पुत्र सुभाचन्द निवासी गांव झांसवा तहसील साल्हावास जिला झज्जर है तथा सम्मन तामील ना होने की सूरत में अब बजरिये इस्तेहार हिस्सेदारान के व अगर कोई फौत हो गया हो उसके वारसान को व आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि हिस्सेदारान/काब्जेदार को या उसके कोई कानूनी वारिस हो को कोई एतराज या आपत्ति है तो आगामी तारीख पेशी पर कोई आपत्ति है तो दिनांक 05-06-2026 असालतन या वकालतन अदालत में हाजिर आये वरना अदम पैरवी की सूरत में आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

सहायक, कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, साल्हावास, झज्जर।

## जिले के सबसे बड़े और ऐतिहासिक महाविद्यालय में दो हजार विद्यार्थी ग्रहण कर रहे शिक्षा

# जिले में 66 वर्षों से उच्च शिक्षा में विशेष योगदान दे रहा नेहरू पीजी कॉलेज

तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 07 दिसंबर 1958 को रखी थी नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर




झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय का भवन। फोटो : हरिभूमि

जिले में 12 सरकारी महाविद्यालय हैं लेकिन झज्जर का राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय सबसे पुराना और सबसे बड़ा ऐतिहासिक महाविद्यालय है, जो 66 वर्षों से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपना निरंतर योगदान दे रहा है। इसकी शिला तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 07 दिसंबर 1958 को रखी थी जबकि इसका उद्घाटन 02 जुलाई 1959 को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया। यह संस्थान पूरे हरियाणा और आसपास के क्षेत्रों में नेहरू कॉलेज के नाम से ही प्रसिद्ध है। प्रारंभ में यह प्राइवेट कॉलेज था, जिसे वर्ष 1963 में सरकार ने अपने अधीन ले लिया। पिछले 66 वर्षों में महाविद्यालय ने लगातार प्रगति की है। यहां से शिक्षा प्राप्त करने वाले अनेक विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक, सेना व पुलिस अधिकारी, न्यायिक एवं प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारी, राजनीतिज्ञ, प्राचार्य, प्राध्यापक, कलाकार और संगीतज्ञ बनकर देश-विदेश में महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

### मॉडल संस्कृति कॉलेज के रूप में नई पहचान

प्राचार्य दलबीर सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार ने राज्य के 22 महाविद्यालयों को मॉडल संस्कृति कॉलेज के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है, जिनमें झज्जर जिले से नेहरू कॉलेज का चयन किया गया है। इस नई पहल के साथ नेहरू कॉलेज की ऐतिहासिक विरासत और शैक्षिक आधुनिकीकरण एक सूत्र में बंधकर ज्ञान, कौशल और संस्कृति की मजबूत नींव तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

### 203 से 2000 तक का सफर

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि वर्ष 1959 में यहां केवल 203 छात्रों ने प्रवेश लिया था, जिनमें सिर्फ 07 छात्राएं थीं। वर्ष 1960 में यह संख्या बढ़कर 316 हुई, जिसमें 09 छात्राएं थीं। आज यहां लगभग 2000 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं, जिनमें लगभग 1000 छात्राएं हैं। नेहरू कॉलेज के पहले प्राचार्य बी एल शर्मा थे और वर्तमान में 31वें प्राचार्य प्राचार्य दलबीर सिंह हैं।

**15 पाठ्यक्रम और 1570 सीटें**

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि नेहरू कॉलेज में 07 स्नातक और 08 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनकी कुल 1570 सीटें हैं। इनमें बीए की कुल सीटें 480, बीबीए की 80, बीकॉम की 140, बीसीए की 80, बीएससी लाइफ साइंस की 80, बीएससी फिजिकल साइंस की 300 और बीएससी गणित की 40 सीटें हैं। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में एमए हिंदी की कुल सीटें 30, एमए अंग्रेजी की 30, एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार की 30, एमए भूगोल की 40, एमए मनोविज्ञान की 40, एमएससी गणित की 40, एमएससी कंप्यूटर विज्ञान की 40 और एमकॉम की 120 सीटें हैं।

## गांवों की चौपाल, खेतों की मेड़, घरों के आंगन और तालाबों पर होती थी पेड़ों की भरमार

# पुरानी पीढ़ी की यादें केवल भावनात्मक नहीं, सीख भी



### याद बहुत आते हैं वो दिन...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

आज जब शहरों और गांवों में पौधारोपण अभियान चलाकर हरियाली बचाने की कोशिशें की जा रही हैं, तब बुजुर्गों की आंखों में वह दौर ताजा हो उठता है, जब प्रकृति को बचाने के लिए अलग से अभियान चलाने की जरूरत ही नहीं पड़ती थी। गांवों की चौपालों से लेकर खेतों की मेड़ों तक, घरों के आंगनों से लेकर गलियों और तालाबों तक पेड़ों की भरमार होती थी। नीम, पीपल, बरगद, शीशम, जामुन और कीकर जैसे पेड़ जीवन का सामान्य हिस्सा थे।

बहादुरगढ़ में क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट सतत अभियानों और प्रयासों के माध्यम से शहर को हरा-भरा बनाने के लिए मैराथन प्रयास कर रहे हैं। इनमें युवाओं के अलावा उम्रदराज लोगों की एक लंबी कतार दिन-रात सेवारत है। चिरंजी लाल गुप्ता, वजीर सिंह दहिया, चिन्मय दवे, कुलबीर जून, धर्मवीर धनखड़, मुकेश शर्मा, दलबीर देशवाल और कर्नल अनिल जून आदि बताते हैं कि पहले लोग पेड़ों को केवल छाया या लकड़ी का साधन नहीं, बल्कि परिवार का सदस्य मानते थे। गर्मियों में लोग घंटों पेड़ों के नीचे बैठकर बातचीत करते, बच्चे झूले डालते और राहगीर छांव में आराम करते थे। गांवों में प्रवेश करते ही हरियाली दिखाई देती थी, जबकि अब कंक्रीट और तेजी से बढ़ते निर्माण ने उस प्राकृतिक वातावरण को काफी हद तक खत्म कर दिया है। बहादुरगढ़ शहर में कई जंगल विकसित कर चुके इन पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि पुरानी पीढ़ी की यादें केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सीख भी हैं। यदि गांवों और शहरों में फिर से बड़े स्तर पर पेड़ लगाए जाएं और पुराने पेड़ों को बचाया जाए, तो खोती हरियाली को काफी हद तक लौटाया जा सकता है।



बहादुरगढ़। पौधे लगाते क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट से जुड़े बुजुर्ग। फोटो : हरिभूमि

### हमारी दोपहर पेड़ों की छांव में गुजरती थीं और शामें ठंडी हवाओं के साथ सुकून देती थीं: शर्मा



बिजली निगम से उपमंडल अभियंता के तौर पर सेवानिवृत्त हुए मुकेश शर्मा भी सुबह उठते ही पेड़-पौधों की देखभाल में जुट जाते हैं। वे बताते हैं कि पहले घरों में पेड़ लगाना शुभ माना जाता था। हर घर में कम से कम नीम जरूर होता था। महिलाएं सुबह पेड़ों को पानी देती थीं। पेड़ों से वातावरण भी ठंडा रहता था और पक्षियों की आवाजें पूरे गांव को जीवंत बनाए रखती थीं। बरसात के मौसम में गांव पूरी तरह हरा दिखाई देता था। बच्चे आम और जामुन तोड़ते थे, पेड़ों पर झूले पड़ते थे। अब बच्चों को वह प्राकृतिक जीवन देखने को ही नहीं मिलता। हमारी दोपहर पेड़ों की छांव में गुजरती थी और शामें ठंडी हवाओं के साथ सुकून देती थीं। युवाओं से अपील है कि पेड़ केवल पर्यावरण नहीं, जीवन हैं, सब मिलकर इन्हें बचाइए।

*अब बच्चों को वह प्राकृतिक जीवन देखने को ही नहीं मिलता*



### पहले लोगों का जीवन प्रकृति के अधिक करीब था: वजीर सिंह

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग से सेवानिवृत्त कार्यकारी अभियंता वजीर सिंह दहिया क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट के मुख्य कर्णधारों में शामिल हैं। झुलसती गर्मी में भी वे पेड़ों की प्यास बुझाने में जुटे रहते हैं। वे बताते हैं कि पहले खेतों की मेड़ों पर इतने पेड़ होते थे कि दोपहर की धूप भी पूरी जमीन तक नहीं पहुंचती थी। बैलगाड़ियों से सफर करने वाले लोग रास्ते में पेड़ों की छांव में रुकते थे। अब सड़कें चौड़ी हो गईं, लेकिन छांव खत्म हो गई। पहले लोगों का जीवन प्रकृति के अधिक करीब था। खेती में रासायनिक प्रभाव कम था और पेड़ों की वजह से मौसम भी संतुलित रहता था। अब गर्मी लगातार बढ़ रही है, भूजल स्तर गिर रहा है और पक्षियों की संख्या भी कम होती जा रही है।

## एचडी स्कूल के 9 शूटिंग खिलाड़ियों ने किया स्टेट क्वालीफाई



झज्जर। कर्णी सिंह शूटिंग रेंज तुगलकाबाद दिल्ली में आयोजित 11वीं हरियाणा शूटिंग चैंपियनशिप में एचडी साल्हावास के 9 विद्यार्थियों ने स्टेट क्वालिफाई कर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है। शूटिंग कोच सुदेश ने बताया कि क्वालिफाइड खिलाड़ियों में यशदेव तंवर, आशीष, रौनक, दक्ष, अवन जाखड़, प्रिंस, जतिन, किरण, शुभश्री शामिल है। विद्यार्थियों के इस बेहतरनी प्रदर्शन पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, ग्रुप सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया, प्राचार्या प्रीति राठी ने सभी क्वालिफाईड खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## विजेता खिलाड़ियों का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

*उदित, यशिमता, गंगा ने गोल्ड तो मेघा, अरमान, अयान ने सिल्वर तथा विहान ने ब्रांज मेडल जीते*

हरियाणा स्टेट कराटे चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों का लाइनपार स्थित जुनून कराटे डोजो एकेडमी में अभिनंदन किया गया। उदित, यशिमता, गंगा ने गोल्ड जीते। वहीं मेघा, अरमान, अयान ने सिल्वर तथा विहान ने ब्रांज मेडल जीतकर अपने गुरु पंकज कुमार व अपने परिवार का गौरव बढ़ाया। कोच पंकज ने बताया कि गंगा, यशिमता व उदित अब 4 से 7 जून तक देहरादून में होने वाली नेशनल चैंपियनशिप में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रमोद अहलावत गौरी अहलावत आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

# विधायक ने लिया जलनिकासी प्रोजेक्ट का जायजा

## लोवा माजरा में वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या के समाधान के लिए चल रहा काम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ सरकारी गर्ल्स स्कूल के पीछे लंबे समय से गंदगी और जलभराव की बनी थी गंभीर समस्या


विधायक राजेश जून ने गांव लोवा माजरा में वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में किए जा रहे कार्य का निरीक्षण किया। विधायक ने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद गांव को जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी और स्कूल का वातावरण भी स्वच्छ एवं सुरक्षित बनेगा।

विदित है कि यह काम विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना के तहत 52 लाख रुपये की ग्रांट से कराया जा रहा है। विधायक राजेश जून ने ग्रामवासियों के साथ मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि सरकारी गर्ल्स स्कूल के पीछे लंबे समय से गंदगी और जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई थी। गंदा पानी भरने से छात्राओं और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। ग्रामवासियों ने विधायक के समक्ष इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग रखी थी। उन्होंने विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना की पहली ग्रांट के अंतर्गत इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दिलाकर निर्माण कार्य शुरू करवाया था। राजेश जून ने कहा कि सीएम नायब सैनी के आशीर्वाद से बहादुरगढ़ में विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है।

## विधायक ने लोगों से किया घरों के बाहर मीटर लगवाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

**अब पांच गांवों में 24 घंटे बिजली का दावा**



ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधायक राजेश जून ने नूना माजरा पावर हाउस में बटन दबाकर 5 गांवों में 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की योजना का शुभारंभ किया।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से घरों के बाहर बिजली मीटर लगवाकर सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाने की अपील की। विधायक राजेश जून ने बताया कि जिन गांवों में लोग अपने बिजली मीटर घरों के बाहर लगवा रहे हैं, वहां बिजली निगम द्वारा 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि देशलपुर, लोवा खुर्द, लोवा कलां, सिद्दीपुर और इस्सरहेड़ी गांव के ग्रामीणों ने अपने बिजली मीटर घरों से बाहर लगवाए हैं। इन गांवों को अब योजना के तहत 24 घंटे बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी। लगातार बिजली मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई व्यवस्था मजबूत होगी और लोगों के दैनिक कार्यों में सहूलियत होगी। विधायक राजेश जून ने हलके के अन्य गांवों के लोगों से भी इस योजना से जुड़ने का आह्वान किया।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने 31 तक बढ़ाई हड़ताल

■ कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने मुख्यमंत्री से वार्ता कराने के लिए तीन दिन समय मांगा

■ प्रतिदिन 10 से दोपहर 2 बजे तक कर्मचारी धरना जारी रखेंगे



झज्जर। लघु सचिवालय परिसर में सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए धरनारत कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा लंबित मांगों को लेकर की जा रही हड़ताल को 31 मई तक बढ़ा दिया गया है। यूनियन के महासचिव विनोद कुमार ने बताया कि कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी द्वारा मुख्यमंत्री से वार्ता कराने के लिए तीन दिन समय मांगा है। इस दौरान सभी ब्लॉकों व जिलों में रविवार को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक कर्मचारी धरना जारी रखेंगे।

कर्मचारियों द्वारा नरवाना से कुरूक्षेत्र तक पदयात्रा भी शुरू की गई है जो कलायत, कैथल और करनाल क्षेत्र से होकर 3 जून को सीएम सिटी कुरुक्षेत्र पहुंचेगी। इसके अलावा 29 से 31 मई तक कर्मचारियों द्वारा मंत्रियों के आवास या कार्यस्थल पर एक-एक दिन आक्रोश प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीण सफाई कर्मियों ने लघु सचिवालय परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी की।

## ज्येष्ठ की पद्मिनी एकादशी का विशेष महत्व : गुलशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



प्रथम ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को पद्मिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। मान्यता है कि इस दिन विधि-विधान से व्रत रखने और भगवान विष्णु की पूजा करने से पापों का नाश होता है और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। पंडित गुलशन शर्मा ने बताया कि हिंदू धर्म में पद्मिनी एकादशी का विशेष महत्व है। हर साल ज्येष्ठ मास के शुक्ल की एकादशी तिथि को पद्मिनी एकादशी का व्रत रखा जाता है। पद्मिनी एकादशी का व्रत बुधवार को रखा जाएगा। मान्यता है कि इस दिन विधि-विधान से व्रत रखने और भगवान विष्णु की पूजा करने से पापों का नाश होता है और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। एकादशी का व्रत मानसिक पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। श्रद्धा और नियम से किया गया यह व्रत जीवन में सुख-समृद्धि और अंत में मोक्ष प्रदान करने वाला माना गया है। उन्होंने बताया कि हर तीन साल बाद पद्मिनी एकादशी आती है।

## 14 दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को दैनिक उपयोग के उत्पाद तैयार करना सिखाया जाएगा

*उत्पादों की मार्केटिंग, पैकेजिंग एवं स्वरोजगार स्थापित करने संबंधी जानकारी भी दी जाएगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। प्रशिक्षण के शुभारंभ पर उपस्थित प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षणार्थी।

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा क्षेत्र के गांव गिजाडौध में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 14 दिवसीय जूट उत्पाद उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें जूट से विभिन्न उपयोगी एवं आकर्षक उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण प्रदान करना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जूट से बैग, डोरमैट, सजावटी सामान, फाइल कवर, हैंडीक्राफ्ट आइटम एवं अन्य दैनिक उपयोग के उत्पाद तैयार करना सिखाया जाएगा। साथ ही उन्हें उत्पादों की मार्केटिंग, पैकेजिंग एवं स्वरोजगार स्थापित करने संबंधी जानकारी भी दी जाएगी। इस अवसर पर संस्थान से आशीष रोहिल्ला और प्रशिक्षक रिंकू देवी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़

झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर

फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400

बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900


### बाबा प्रसादगिरी महाराज मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा

## महाराज परीक्षित व शुकदेव की कथा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



बाबा प्रसादगिरी महाराज मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक आचार्य उपेंद्र कृष्ण द्वारा श्रद्धालुओं को देवहुति मैया के विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि मनुष्य सृष्टि स्वयंभू मनु से प्रारंभ हुई जो मनुष्य उत्पन्न हुए उनको मनुष्य कहा गया उनके तीन पुत्री आकृति देव होती प्रस्तुति और दो पुत्र हुए उत्तानपाद और महाराज प्रियव्रत जिससे जिनका वंश आगे बढ़ा। देवहुती मैया का विवाह कर्दम ऋषि से हुआ।

कर्दम ऋषि के यहां नौ कन्याओं ने जन्म लिया और उसके बाद कपिल मुनि भगवान ने जन्म लिया। इससे पूर्व में श्रद्धालुओं को महाराज परीक्षित व शुकदेव की कथा सुनाई गई थी। महंत परमानंदगिरी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस कथा के दौरान आचार्य ने कहा कि जीवन में नाम जप और धर्म रक्षा परम आवश्यक है। सनातन धर्म सदियों से अटल है और इसे कोई समाप्त नहीं कर सकता। मानव जीवन क्षणभंगुर है, इसलिए हर व्यक्ति को हरि भजन करना चाहिए। इस दौरान छबील लगाकर श्रद्धालुओं में शर्बत और जलजीरा वितरित किया गया।

## विद्यार्थियों को कराया वर्चुअल सिटी टूर, रहन-सहन की दी जानकारी



झज्जर। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाकला में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर में विद्यार्थी मनोरंजन के साथ-साथ अपना ज्ञान भी बढ़ा रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य वेद प्रकाश ने बताया कि इस सात दिवसीय कैंप के दौरान प्रतिदिन दोपहर से पूर्व विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कराया जाता है। मंगलवार को विद्यार्थियों को विभिन्न राज्यों के बड़े शहरों के वर्चुअल सिटी टूर कराते हुए उन्हें वहां की भाषा, खान-पान और रहन-सहन की जानकारी दी गई। इसका मुख्य उद्देश्य यह रहा कि यदि विद्यार्थी कभी दूसरे राज्यों में घूमने या अन्य कार्यों से जाएं तो वे एक-दूसरे की भाषा समझ सकें। अलग-अलग दिनों में बच्चों को भाषा सीखने में सहायक एक्टिविटी भी करवाई जाएगी। पहले दिन शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को पंजाबी भाषा के प्राथमिक ज्ञान से अवगत कराते हुए अक्षरों को जोड़ना सिखाया गया था। इस मौके पर प्रवक्ता विजय कुमार, योगिता, ममता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।